Hindi | हिन्दी

Australian Government

NATIONAL
CERVICAL SCREENING
PROGRAM
A joint Australian, State and Territory Government Program

अपने सर्विकल स्क्रीनिंग टस्ट क परिणामों को समझना

यह गाइड आपको अपने सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट के परिणामों को समझने में मदद करती है।

आपका डॉक्टर या नर्स आपके परिणामों के बारे में और आपके आगामी कदमों के बारे में चर्चा करेंगे।

कोई भी प्रश्न पूछने या यदि आप अपने परिणामों के बारे में चिंतित महसूस कर रही हैं तो उन्हें बताने का यह एक अच्छा समय है।

सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट में क्या देखा जाता है?

सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट ह्यूमन पेपिलोमावायरस (एचपीवी) संक्रमण को देखने के लिए किया जाता है।

एचपीवी (HPV) इतना आम है कि कई लोगों को यह उनके जीवन काल में कभी न कभी होता है और उन्हें इसका पता भी नहीं चलता, क्योंकि आमतौर पर इसके कोई लक्षण नहीं होते हैं।

लेकिन अगर एचपीवी हमारे शरीर में लंबे समय तक रहता है, तो यह ऐसी समस्याएं पैदा कर सकता है जो सर्विकल कैंसर का कारण बन सकता हैं। इसमें आमतौर पर 10 से 15 साल लगते हैं।

मेरे जाँच के परिणाम का क्या अर्थ है?

आपके डॉक्टर या नर्स आपसे आपके सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट के परिणामों के बारे में बात करेंगे, और आपके किसी भी प्रश्न का उत्तर देंगे।

Australian Government

NATIONAL
CERVICAL SCREENING
PROGRAM
A joint Australian, State and Territory Government Program

अपने टेस्ट के परिणामों को समझना

ये संभावित परिणाम हैं और उनका क्या मतलब है।

	आपके नमूने में कोई एचपीवी नहीं मिला। आपकी अगली जाँच 5 वर्ष के बाद है। आपकी अगली जाँच का समय होने से 3 महीने पहले आपको याद दिलाया जाएगा।
अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा लिए गए दूसरे नमूने के लिए वापस लौटें।	आपने अपने परीक्षण के लिए स्वयं नमूना लेना चुना और आपके ख़ुद से लिए नमूने में HPV पाया गया है। आपको अपने डॉक्टर या नर्स के पास दोबारा जाने के लिए कहा जाएगा। वे एक और नमूना लेंगे जिसमें ग्रीवा की कोशिकाएं शामिल हों। इस नमूने के लिए स्वयं नमूना लेना संभव नहीं है।
12 महीनों में दोबारा जाँच कराएं	आपके नमूने में एचपीवी पाया गया था, लेकिन आपका शरीर शायद इसे अपने आप निकाल देगा। दोबारा परीक्षण कराने से पहले 12 महीने तक प्रतीक्षा करना आपके लिए सुरक्षित है।
जाँच के असंतोषजनक परिणाम के कारण सर्विकल स्क्रीनिंग टेस्ट को दोहराएं	लैब को आपके नमूने से परिणाम नहीं मिल सका। इसका मतलब यह नहीं है कि कुछ गड़बड़ है। 6 से 12 सप्ताह में फिर से अपना परीक्षण करने के लिए बुक करें।
किसी विशेषज्ञ से मिलें	आपके नमूने में एचपीवी पाया गया था और एचपीवी संक्रमण के प्रकार के लिए अतिरिक्त परीक्षण या उपचार की आवश्यकता होती है। आपका डॉक्टर या नर्स आपको दूसरे परीक्षण के लिए विशेषज्ञ के पास भेजेंगे।

अधिक जानकारी?

यदि आपको अधिक जानकारी की आवश्यकता है, तो अपने डॉक्टर, नर्स या स्वास्थ्य कार्यकर्ता से बात करें, www.health.gov.au/NCSP पर जाए या **1800 627 701** पर कॉल करें।

अपनी भाषा में सहायता क लिए आप अनवाद और दुभाषिया सेवा (TIS National) को **131 450** पर कॉल कर सकती हैं।
अनवादित जानकारी क लिए www.health.gov.au/NCSP-multicultural पर जाए।